आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 04.04.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. संसद में वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस पारित।

2. लोकसभा में तटीय नौवहन विधेयक दो हजार चौबीस पारित–इसमें भारतीय तटीय जल के भीतर व्यापार में लगे जहाजों को विनियमित किया जाएगा।

3. मुख्य सचिव डॉक्टर चन्द्र भूषण कुमार ने श्री विजयपुरम में रिकार्ड प्रबंधन पर कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया।

4. द्वीपसमूह में डिजिटल एग्रीकल्चर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी।

<><><><><><><>

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस संसद से पारित हो गया है। एक सौ अट्‌ठाइस सदस्यों ने संशोधन विधेयक के पक्ष में और पचानबे ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। साथ ही प्रबंधन में पारदर्शिता तथा वक्फ बोर्ड और स्थानीय प्राधिकरणों के बीच समन्वय बढ़ाकर प्रशासन में सुधार लाना है।

इसके तहत वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर, बेहतर प्रशासन के लिए वक्फ बोर्ड को अधिक समावेशी बनाया जायेगा।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लाभान्वित होंगे। संसद में मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक दो हजार चौबीस को भी मंजूरी दे दी है। यह विधेयक मुसलमान वक्फ अधिनियम दो हजार तेईस का स्थान लेगा।

<><><><><><><>

लोकसभा ने तटीय नौवहन विधेयक दो हजार चौबीस पारित कर दिया है। विधेयक का उद्देश्य भारतीय समुद्री सीमा के भीतर व्यापार में लगे जहाजों को विनियमित करना है। विधेयक में तटीय नौवहन के

विनियमन से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने, तटीय व्यापार को बढ़ावा देने और घरेलू भागीदारी को प्रोत्साहित करने का प्रावधान है। केंद्रीय पत्तन, पोत और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह क्षेत्र देश का सबसे बड़ा परिवाहक है और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में मंत्रालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में कल नामित विभागीय अभिलेख अधिकारियों के लिए 'रिकॉर्ड प्रबंधन' पर दो दिवसीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रशासन के अभिलेखागार और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में प्रशिक्षण के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुव्यवस्थित रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध होते हैं, जिससे बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है। मुख्य सचिव ने कहा कि विभागों के बेहतर कामकाज के लिए उचित रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली का होना आवश्यक है। इस अवसर पर अभिलेखागार के सचिव स्मिता आर ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी विरासत और हमारे अभिलेखों को संरक्षित करने के लिए विभागों को और मजबूत करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली के उप निदेशक सैयद फरीद अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय अभिलेखागार ने अब देश भर के विभिन्न विभागों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बजाय दो दिवसीय कैप्सूल पाठ्यक्रम शुरू किए हैं।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से कृषि क्षेत्र की दक्षता और आधुनिक तकनीक की पहुंच को बढ़ाने के लिए द्वीपसमूह में डिजिटल एग्रीकल्चर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कृषि निदेशालय में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि निदेशक डॉ. अपूर्वा शर्मा ने किया। उन्होंने डिजिटल कृषि मिशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताई। एग्रीस्टेक के केन्द्रीय परियोजना निगरानी इकाई के प्रखर अवस्थी ने डिजिटल एग्रीकल्चर पर जानकारी दी।

इस दौरान दक्षिण अंडमान के चार गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण भी किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि, राजस्व विभाग और सॉवटेक के सोलह प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण और अण्डमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के सहयोग से महिलाओं के लिए कार्वाइन्स कोव तट पर कल दोपहर तीन बजे से कयाकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

गाराचरामा में बिजली के खंभों को बदलने और एयर ब्रेक स्विच के तत्काल रखरखाव कार्य के चलते कल एजेंसी हाउस, गाराचारमा के कुछ भागों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा पांच मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र क्षेत्र, डॉलीगंज, आट्म पहाड़, पुराना पहाड़गांव, आईसीएमआर कॉलोनी और मिनी बे के कुछ हिस्सों में भी कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

मुख्य सचिव द्वारा टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में रिकार्ड प्रबंधन पर कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। लिटिल अण्डमान के रवीन्द्र नगर में नवनिर्मित कृषि उप डिपो का उदघाटन करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। इसके अलावा अखबार ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। प्रदर्शनी मैदान में पुस्तक मेले में युवाओं की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय राजस्व में द्वीपों के योगदान को बेहतर बनाने के लिए क्यारी की ओर से मसालों में आयात पर कार्यशाला आयोजित किए जाने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है। अण्डमान क्रोनिकल ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के स्थापना के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>